C-75

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)

वंदे मातरम्

Circular No. 05 /2026

No. BSEH/SEC/2026/05

Dated: 02-06-2026

विषयः—हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा वर्ष—2024, परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक वैरीफिकेशन हेतु अन्तिम अवसर बारे।

सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि दिनांक 30 व 31 जुलाई 2025 को आयोजित हरियाणा अध्यापक पात्रता का परिणाम दिनांक 10.11.2025 को घोषित किया जा चुका है। परीक्षार्थियों को बायोमेट्रिक वैरीफिकेशन का प्रथम अवसर दिनांक 12.11.2025 से 14.11.2025 व दिनांक 19.11.2025 से 21.11.2025 को द्वितीय अवसर दिया जा चुका है।

ऐसे सभी परीक्षार्थियों जिनकी बायोमेट्रिक वैरीफिकेशन नहीं हो पाई है व जिनका परीक्षा परिणाम RLV (**Result late due to verification**) है को बोर्ड कार्यालय द्वारा बायोमेट्रिक वैरीफिकेशन के लिए तीसरा व अन्तिम अवसर देते हुए दिनांक 08.06.2026 तथा 09.06.2026 को बोर्ड मुख्यालय, भिवानी पर बायोमेट्रिक वैरीफिकेशन के लिए बुलाया गया है।

ऐसे सभी परीक्षार्थियों को खुला आमंत्रण है, जो अपनी RLV की स्थिति (Status) में सुधार चाहते हैं, बशर्ते उनके पास पर्याप्त प्रमाण हों (मूल प्रवेश पत्र (**Admit Card**), फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र, RLV परीक्षा परिणाम का प्रमाण)।

ऐसे सभी परीक्षार्थियों को ऑनलाईन आवेदन के समय उपलब्ध करवाए गए पंजीकृत मोबाईल नम्बर/ई—मेल पर बायोमैट्रिक वैरिफिकेशन करवाने हेतु संदेश भेजे जा चुके हैं। बायोमेट्रिक वैरीफिकेशन प्रक्रिया पूर्ण न करने वाले परीक्षार्थियों का परिणाम घोषित नहीं किया जाएगा।

सहायक सचिव (विशेष परीक्षा शाखा)
कृतेः सचिव